भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 878

दिनांक 23 जुलाई, 2026 को उत्तरार्थ

.....

पीएमकेएसवाई 2.0 का वाटरशेड विकास घटक

878. डॉ. सी. एम. रमेशः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली जिले के बुच्चय्यापेटा और गोलुगोंडा मंडलों में स्थित आर. शिवारामपुरम और गोलुगोंडा को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) 2.0 के वॉटरशेड विकास घटक के अंतर्गत अनुमोदित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त परियोजनाओं के अंतर्गत चेक डैम/चेक वॉल, खेत तालाब/सूखा तालाब, नाला बंड, परकोलेशन टैंक और अन्य जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्तमान कार्यान्वयन स्थिति और उन्हें पूरा करने के लिए निर्धारित समय-सीमा के साथ-साथ उक्त परियोजनाओं के लिए स्वीकृत और जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त परियोजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित होने वाले छोटे, सीमांत और भूमिहीन किसानों की संभावित संख्या क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क): जी, हां। भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने बुच्चय्यापेटा और गोलुगोंडा मंडल, अनाकापल्ली जिला, आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई) 2.0 के वाटरशेड विकास घटक के अतंर्गत आर शिवारामपुरम और गोलुगोंडा वाटरशेड परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। आर. शिवारामपुरम और गोलुगोंडा प्रत्येक के लिए स्वीकृत परियोजना क्षेत्र 5,000 हेक्टेयर है, जो कुल 10,000 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करता है।

(ख): आंध्र प्रदेश में डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 को कार्यान्वित करने वाली राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी (एसएलएनए) से प्राप्त सूचना के अनुसार, इन परियोजनाओं में निम्नलिखित जल संरक्षण संरचनाएं बनाई गई हैं।

चेक डैम/चेक वॉल	31
खेत तालाब/डगआउट तालाब	48

नाला बंड/परकोलेशन टैंक	218
अमृत सरोवर	4
गेबियन डब्ल्यूएचएस	20

(ग): एसएलएनए, आन्ध्र प्रदेश से प्राप्त सूचना के अनुसार, उक्त परियोजनाएं कार्यान्वयन के अग्रिम चरण में हैं और इन परियोजनाओं के लिए स्वीकृत और जारी की गई निधियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत निधियां**	**जारी की गई धनराशि**
1	आर. शिवारामपुरम	11.00	8.93
2	गोलुगोंडा	11.00	8.23
कुल		**22.00**	**17.16**

(घ): एसएलएनए, आंध्र प्रदेश से प्राप्त सूचना के अनुसार, इन परियोजनाओं के अंतर्गत 2,854 किसान (लघु, सीमांत और भूमिहीन) लाभान्वित हुए हैं।

*****